प्रेषक,

सपना त्रिपाठी,
अति0सिविल जज (सी0डि0),
कक्ष संख्या–41,लखनऊ।

द्वारा– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
लखनऊ।

सेवा में,

श्रीमान् महा निबन्धक,
मा0 उच्च न्यायालय,इलाहाबाद।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मैं वर्तमान समय में अतिरिक्त सिविल जज(सी0डि0),कक्ष संख्या–41,लखनऊ के पद पर कार्यरत हूँ तथा विगत सितम्बर माह भें मैने एक पुत्री को जन्म दिया है जिस कारण मैं वर्तमान समय में मातृत्व अवकाश पर हूँ।

महोदय को यह भी अवगत कराना है कि मेरे पति श्री क्षितीष पाण्डेय जो उ0 प्र0 न्यायिक सेवा में कार्यरत है और वह वर्तमान समय में सिविल जज(जू0डि0) हवाली के पद पर जनपद लखनऊ में कार्यरत है।

महोदय मेरे ससुर जी की बाईपास सर्जरी के उपरान्त तकलीफ होने पर उनका इलाज एस.जी.पी.जी.आई में चल रहा है जिस पर मेरे पति द्वारा जनपद लखनऊ में एक वर्ष के स्टे हेतु आपको आवेदन दिया है।

महोदय उक्त परिस्थितियों में प्रार्थिनी को अपने परिवार की देखभाल के साथ–2 अपने वृद्व ससुर के स्वास्थय जीवन का भी दायित्व है तथा प्रार्थिनी जनपद लखनऊ में कार्यरत रहते हुए सफलता पूर्वक निर्वहन कर पाने में सक्षम रहेगी।

अतः प्रार्थिनी श्रीमान जी से सादर निवेदन करती है कि उक्त परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुए प्रार्थिनी को जनपद लखनऊ में एक वर्ष का विस्तार देने की महती कृपा करे। प्रार्थिनी सदा आभारी रहेगी।

सादर,

(सपना त्रिपाठी),
अति0सिविल जज (सी0डि0),
कक्ष संख्या–41,लखनऊ।

संलग्नक–

1–बलरामपुर अस्पताल के पर्चो की छाया प्रति
2–एस.जी.पी.जी.आई के पर्चो की छाया प्रति।